हरिभूमि
# कोरिया भूमि
बिलासपुर, शनिवार 5 अप्रैल 2025
[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

तापमान
अधिकतम 33 डिग्री
न्यूनतम 20 डिग्री

3 हसदेव क्षेत्र में रोपे गए 4 लाख पौधों से तैयार किया गया 1200 एकड़ का नया जंगल



**खबर संक्षेप**

### न्यायिक प्रकरण में लापरवाही पर नोटिस

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डी. राहुल वेंकट के आदेशानुसार एवं तहसीलदार मनेन्द्रगढ़ कार्यालय द्वारा जारी पत्र केअनुसार न्यायालय प्रथम अतिरिक्त जिला न्यायाधीश मनेन्द्रगढ़ में विचाराधीन प्रकरण फूलचंद विश्वकर्मा वगैरह विरूद्ध भूपेन्द्र क्लब मनेन्द्रगढ़ के मामले में शासकीय अधिवक्ता की लापरवाही सामने आई है। मामले में वादी पक्ष द्वारा 1 मार्च 2025 को वाद बिंदुओं में संशोधन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया था, जिसे 12 मार्च को न्यायालय ने स्वीकृत कर लिया, लेकिन शासकीय अधिवक्ता ने इस संशोधन की जानकारी शासन पक्ष को नहीं दी, जिससे न्यायालय में जवाब दावा में आवश्यक संशोधन प्रस्तुत नहीं किया जा सका। परिणामस्वरूप अनावश्यक रूप से अतिरिक्त समय मांगने की नौबत आ गई। इस लापरवाही के चलते तहसीलदार कार्यालय ने शासकीय अधिवक्ता को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिवस के भीतर जवाब प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। यदि समय पर जवाब नहीं दिया जाता है, तो उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी।

### छात्रवृत्ति योजना के लिए आवेदन प्रारंभ

**बैकुण्ठपुर।** आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त से प्राप्त जानकारी के अनुसार भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा संचालित राष्टीय/विदेशी छात्रवृत्ति योजना के तहत वर्ष 2025-26 के लिए आवेदन प्रक्रिया नेशनल ओवरसीज स्कॉलरशिप पोर्टल पर 27 अप्रैल तक शुरू की गई है। यह छात्रवृत्ति योजना आदिवासी छात्रों को राष्टीय और विदेशी शैक्षिक संस्थाओं में उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर प्रदान करती है। इच्छुक छात्र इस पोर्टल पर जाकर अपनी आवेदन प्रक्रिया को पूरा कर सकते हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 27 अप्रैल है और इस अवधि के भीतर सभी पात्र छात्रों को अपनी आवेदन प्रक्रिया समाप्त करनी होगी।

### 11 लाख का 74 किलो गांजा जब्त, कोरिया पुलिस को मिली सफलता

# स्कार्पियो में पुलिस बत्ती लगाकर गांजे की तस्करी, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

स्कार्पियों वाहन में पुलिस की बत्ती लगाकर गांजे की तस्करी करने वाले दो आरोपियों को कोरिया पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी दूसरे राज्य से गांजे की तस्करी लंबे समय से कर रहे थे।

मुखबीर से सूचना मिलने पर कोरिया पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 74 किलो 450 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा जब्त किया है, जिसकी कीमत करीब 11 लाख रूपए आंकी गई है। पुलिस ने इस मामले में दो कुख्यात तस्करों को गिरफ्तार किया है, जो ओडिशा के संबलपुर से गांजा लाकर कोरिया में खपाने की फिराक में थे। गिरफ्तार आरोपी बहादुर राम कुर्रे उम्र 34 वर्ष, निवासी सूरजपुर और योगेश कुमार कुर्रे उम्र 40 वर्ष, निवासी कोरिया को पटना थाना पुलिस ने डुमरिया नाका के पास से पकड़ा है। आरोपी न्यू स्कॉर्पियों एन (सीजी 04 क्यूसी-7406) पर पुलिस की लाल-नीली बत्ती लगाकर तस्करी कर रहे थे, जिससे पुलिस की नजरों से बच सकें। पुलिस अधीक्षक कोरिया रवि कुमार कुर्रे के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल और उप पुलिस अधीक्षक राजेश साहू के मार्गदर्शन में विशेष टीम बनाई गई थी। 3 अप्रैल को मुखबीर से सूचना मिलने पर थाना प्रभारी पटना निरीक्षक विनोद पासवान और उनकी टीम ने घेराबंदी कर तस्करों को रंगे हाथों पकड़ लिया। तलाशी लेने पर स्कार्पियों के पीछे चार बोरियों में 74 किलो 450 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस जांच में सामने आया कि दोनों आरोपी पहले भी गांजा तस्करी के ⏭ शेष पेज 4 पर


पुलिस गिरफ्त में आरोपी व गांजा समेत जब्त वाहन।

## कोरिया में नलकूप खनन पर लगी रोक

- कलेक्टर ने जारी किए आदेश, 31 जुलाई तक होगा प्रभावी

**बैकुंठपुर।** कोरिया जिले में आगामी ग्रीष्म ऋतु के दौरान पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले के सभी क्षेत्रों को जलाभाव ग्रस्त क्षेत्र घोषित किया गया है। यह आदेश 1 अप्रैल से 31 जुलाई तक प्रभावी रहेगा।

कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के आदेशानुसार जिले में किसी भी नए नलकूप को पेयजल के अलावा अन्य प्रयोजन के लिए खनन करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। केवल शासकीय एजेंसियां जैसे लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग और नगर पालिका परिषद् तथा नगर पंचायतों को पेयजल खनन के लिए नलकूप खनन की अनुमति होगी, जो उन्हें सिर्फ अपने क्षेत्र में खनन कार्य कराने की अनुमति प्रदान करती है। विकासखंड़ बैकुंठपुर और सोनहत के अनुविभागीय अधिकारी को नलकूप खनन के लिए प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया गया है। इन अधिकारियों को पेयजल के लिए नलकूप खनन की अनुमति देने का अधिकार प्राप्त होगा। यदि किसी व्यक्ति या एजेंसी द्वारा बिना अनुमति नलकूप खनन किया जाता है, तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों से कहा है कि वे इस आदेश का पालन सुनिश्चित करें और जल संकट से बचने के लिए समन्वयपूर्ण प्रयास करें।



### हैण्डपंपों के सुधार के लिए टोल फ्री नंबर जारी

आगामी ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने क्षेत्रीय स्तर पर हैण्डपंपों के त्वरित निराकरण के लिए विशेष कदम उठाए हैं। विभाग ने मैदानी क्षेत्रों में कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों के दूरभाष नंबर प्रेषित कर दिए हैं,ताकि नागरिकों को हैण्डपंपों की खराबी की सूचना देने पर त्वरित समाधान उपलब्ध हो सके। विभाग के अनुसार खंड और उपखंड़ स्तर पर हैण्डपंपों के निराकरण के लिए पंजीकरण संधारित किए गए हैं, इसके अलावा बिगड़े हुए हैण्डपंपों के सुधार के लिए नागरिक विभागीय टोल फ्री नंबर 18002330008 पर भी आवेदन कर सकते हैं। यह कदम ग्रीष्म ऋतु में जल संकट से बचने और प्रभावी जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है। विभाग ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे अपने क्षेत्र में खराब हैण्डपंपों की सूचना शीघ्र देने के लिए संबंधित अधिकारी से संपर्क करें ताकि समय रहते जल संकट से निपटा जा सके।

## बल्लेबाजी के लिए 16 प्लेयर चयनित



**मनेन्द्रगढ़।** छग क्रिकेट संघ द्वारा 2025 अंडर 16 डेज मैच का पूरे प्रदेश में सिलेक्शन चल रहा है।

इस तरह जिला क्रिकेट संघ कोरिया द्वारा 3-4 अप्रैल को हाईस्कूल क्रिकेट ग्राउंड पर सिलेक्शन संपन्न हुआ। इसमें फिटनेस गेंदबाजी बल्लेबाजी के द्वारा 16 प्लेयरों का चयन किया गया। चयन के समय जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह रैना, सचिव आशीष अग्रवाल, सह सचिव शारदा मरावी, गोलू रैना, किशन केंवट व हाफिज मेमन मौजूद रहे। जिला कोरिया अंडर 16 की टीम 6 अप्रैल को मनेन्द्रगढ़ से रायपुर के लिए रवाना होगी, जिनका पहला मैच 8 अप्रैल को आरडीसीए ग्राउंड पर खेला जाना है।

### आवासीय विद्यालयों की प्राक्चयन परीक्षा 20 को

**मनेन्द्रगढ़।** छग सरकार के आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग ने मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनांतर्गत प्रदेश के आदिवासी उपयोजना क्षेत्र तथा नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के विद्यार्थियों के लिए प्रयास आवासीय विद्यालयों में कक्षा 9 वीं (सत्र 2025-26) में प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा की तिथि घोषित कर दिया गया है। परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र 3 से 20 अप्रैल तक विभाग की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं। यह परीक्षा 20 अप्रैल को आयोजित होगी। परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र में रिपोर्टिंग के लिए सुबह 9 बजे तक पहुंचना अनिवार्य होगा। कक्ष परीविक्षक द्वारा परीक्षार्थी के ओएमआर शीट भरने की प्रक्रिया सुबह 9:30 से 10 बजे तक होगी, जबकि परीक्षा प्रारंभ 10 बजे से शुरू होकर दोपहर 1 बजे तक चलेगी।

## जंगल को आग से बचाने वन अमला करा रहा मुनादी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जनकपुर

जंगल को आग से बचाने के लिए जनकपुर वन परिक्षेत्र के वनकर्मियों द्वारा गांव-गांव जाकर ग्रामीणों को समझाइस देते हुए श्लोगन के माध्यम से मुनादी करके जागरूक किया जा रहा है, जिससे इस वर्ष जनकपुर परिक्षेत्र के जंगलों में आगजनी की छुट फुट घटनाओं को छोड़कर बड़ी घटनाएं नहीं हो पाई है, जिसकी वजह से वर्तमान समय तक जनकपुर परिक्षेत्र में आगजनी की घटनाएं पिछले वर्षो की अपेक्षा इस वर्ष सीमित रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार महुआ फूल सीजन शुरू होने से पूर्व ही जनकपुर वन परिक्षेत्राधिकारी चरणकेश्वर सिंह द्वारा परिक्षेत्र अंतर्गत कार्यरत समस्त वनकर्मियों एवं फायर वाचर तथा चौकीदारों को वनक्षेत्र के विभिन्न गांव में भेजकर गांव में मुनादी कराकर ग्रामीणों को पेड़ पौधे व जीव-जंतुओं से मनुष्य को होने वाले लाभ एवं आग से जलकर जंगल नष्ट होने से होने वाली नुकसान के बारे में बताकर लोगों को लगातार जागरूक कराया जा रहा है। विदित हो कि मार्च का महीना में पतझड़ होता है, इससे जंगल में चारों तरफ विभिन्न पेड़ के पत्ते गिरकर बिखरे पड़े रहते हैं। इसी समय जंगल में महुआ फूल का सीजन शुरू हो जाता है।

ग्रामीण महुआ फूल बीनने के लिए महुआ पेड़ के नीचे साफ - सफाई के उद्देश्य से अज्ञानता वश आग लगा देते हैं, इससे आग की लपटे हवा के साथ फैलकर जंगल के अधिकांश क्षेत्र को गिरफ्त में ले लेती है, इससे आगजनी वाले जंगली क्षेत्र के छोटे-छोटे पौधों के साथ ही कई जीव-जंतुओं की मृत्यु हो जाती है, जिससे बचाव के लिए वन कर्मियों ने इन दिनों गांव-गांव मुनादी करके ग्रामीणों को समझाइश देते हुए जागरूक करने में जुटे हैं।


ग्रामीणों को मुनादी कर जागरूक करते वनकर्मी।




SWARNIMA ERA
2,3&4 BHK INDEPENDENT BUNGALOWS
BILASPUR (C.G)
UNLEASH THE POWER OF NAVRATRI WITH
GREAT NAVRATRI OFFERS
SWARNIMA ERA EXTENSION
Swarnima Era Presents: A Divine Navratri Celebration! Embrace the Feminine Energy and Elevate Your Lifestyle with Our Exclusive Great Navratri Offering, Five Irresistible Days of Deals.
Elevate Your Culinary Experience: Modular Kitchen with Complimentary Chimney.
Embrace the Future: Turn Home into a Smart Digital Haven.
Create a Stylish Ambiance: Get a Free False Ceiling
Complete Your Living Room: Enjoy Exclusive Accessories for Added Elegance.
Sleep in Luxury: Master Bedroom with Premium Furniture.
2, 3 & 4 BHK STYLISH INDEPENDENT BUNGALOW
PLOTS AND CUSTOMISED HOUSES ALSO AVAILABLE
Artist Impression
Artist Impression
Artist Impression
*Conditions Apply
READY AMENITIES
Grand Attractive Entrance Gate with water bodies | 3 Dome Divine Temple | Exclusive Club Swarnima | Swimming pool with Jaccuzzi & Kids pool | 15 Big Landscape Garden with flower zone | Children's Play area | Gymnasium | Meditation, Spa , yoga & Massage area | Sculpture art statues with sitting zones & water bodies | Underground electrification & Water supply, with STP | Security & Convenience | Best-in-class Specifications with Designer House Elevation
Artist Impression
Call : 97557 93333 | 97552 93333
Rera no. PCGRERA220620001125
www.rera.cgstate.gov.in
Site address - Swarnima Era, Beside Geetanjali City Phase 2, Bahtarai Road, Bilaspur(C.G.)
swarnimaera@gmail.com
www.swarnimaera.com

4-APRILI- JAS- KORIYA- Bhoomi pg-3_Layout 1 4/4/2025 8:03 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### निर्दलीय पार्षद ने वार्ड में कराए गए पांच वर्षों के कार्यों की मांगी जानकारी

**बिश्रामपुर।** नगर पंचायत बिश्रामपुर के वार्ड नंबर 10 की निर्दलीय पार्षद ने सीएमओ को ज्ञापन देकर वार्ड में जनवरी 2020 से जनवरी 2025 तक की पार्षद निधि की जानकारी मांगी है। नगर पंचायत बिश्रामपुर सीएमओ को दिए ज्ञापन में वार्ड नंबर 10 की निर्दलीय पार्षद नीलम कुमारी मिश्रा द्वारा उल्लेख किया गया है कि उक्त तिथि में वार्ड क्रमांक 10 में पार्षद निधि में छत्तीसगढ़ शासन से प्राप्त राशि के अलावा वार्ड में जनवरी 2020 से जनवरी 2025 तक पार्षद निधि से कराए गए कार्यों व खर्च राशि एवं शेष बची राशि की जानकारी की मांग की गई है। गौरतलब है कि नगर पंचायत बिश्रामपुर के वार्ड नंबर 10 में वर्ष 2019-2020 में संपन्न हुए नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा के अंशुल बजेठा ने पार्षद पद पर जीत हासिल की थी और करीब डेढ़ वर्ष बाद ही नगर पंचायत क्षेत्र को छोड़कर अपने गृहग्राम उत्तराखंड में परिवार सहित चले गये हैं। ऐसी स्थिति में लंबे अरसे तक उक्त वार्ड पार्षद विहीन ही रह गया था।

### चोरी की बोलेरो से घूम रहा था युवक, पुलिस ने किया गिरफ्तार



**अंबिकापुर।** बोलेरो वाहन चोरी करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चोरी की बोलेरो को भी बरामद करने में सफलता पाई है। लखनपुर पुलिस के अनुसार भरतपुर चौक निवासी शिव भरोस राजवाड़े 8 मार्च को अपनी बोलेरो प्लस वाहन क्रमांक सीजी 15 बी 3979 को घर के सामने खड़ी कर अंदर सोने चला गया। इस दौरान भोर में 4 बजे जब वह बाहर निकला तो उसकी बोलेरो वाहन चोरी हो गई थी। इस मामले में शिकायत के बाद पुलिस द्वारा अपराध दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही थी। इस दौरान मुखबिर से पुलिस को सूचना मिली कि एक संदिग्ध युवक लखनपुर पेट्रोल पम्प के पास चोरी की गई बोलेरो को लेकर आया हुआ है। सूचना के आधार पर पुलिस ने संदिग्ध जशपुर जिले के लोदाम टांगरटोली निवासी अजहर खान उर्फ अजहरुद्दीन आ. इस्लाम मिरदहा को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी से बोलेरो वाहन को बरामद करने के साथ ही बीएनएस की धारा 303(2),111, 3(5) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी लखनपुर प्रशिक्षु आईपीएस मयंक मिश्रा, स्पेशल टीम प्रभारी सउनि विवेक पाण्डेय, प्रधान आरक्षक प्रवीण चंद तिवारी, पन्ना लाल, रवि सिंह, आरक्षक संजीव चौबे, सत्येंद्र दुबे, चित्रसेन प्रधान, श्याम सुन्दर सक्रिय रहे।

### बाइक चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार



**अंबिकापुर।** बाइक चोरी के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। कोतवाली पुलिस के अनुसार देवीगंज रोड निवासी दिनेश कुमार केशरी 1 अप्रैल को अपनी बाइक क्रमांक सीजी 15 सीएम 9593 से होटल द हिल पैलेस गया था और बाइक को बाहर खड़ी कर अन्दर चला गया। युवक जब बाहर निकला तो उसकी बाइक गायब थी ऐसे में उसने मामले की शिकायत पुलिस से की थी। शिकायत के बाद पुलिस द्वारा आरोपी की तलाश की जा रही थी। घटना की जांच व व मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर मिशन चौक निवासी 22 वर्षीय सुजीत कुमार सारथी आ. जीतु राम सारथी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने बाइक चोरी करने और श्री राम मंदिर के पीछे गली में छिपाने की बात कही। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर बाइक को बरामद करने के साथ ही उसे बीएनएस की धारा 303(2) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली मनीष सिंह परिहार, प्रधान आरक्षक सदरक लकड़ा, छत्रपाल सिंह, आरक्षक नितिन सिन्हा, रमन मण्डल सक्रिय रहे।

### कार को टक्कर मार निर्माणाधीन मकान में घुसी बस, बाल-बाल बचे लोग



**रामानुजनगर।** सुबह उस समय अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई जब शराबी चालक ने घर के सामने खड़ी कार को टक्कर मारते हुए निर्माणाधीन मकान में घुस गया। सुबह का समय और लोगों के नहीं होने के कारण किसी प्रकार की जान-माल की हानि नहीं हुई। बताया जा रहा है कि अंबिकापुर से रामानुजनगर तक चलने वाली सिटी बस हर रोज की भांति आज सुबह निर्धारित समय पर निकली थी। जैसे ही चालक बस लेकर शिवपुर के पास पहुंची तभी वाहन से नियंत्रण खो बैठा जिससे वाहन आम के पेड़ और कुछ दूर पर खड़ी कार को ठोकर मारते हुए निर्माणाधीन घर में जा घुसी। बस इतनी रफ्तार था की बस की टक्कर से कार के परखच्चे उखड़ गया है।

9 लाख 50 हजार कीमत के 38 किलो गांजा सहित वाहन जब्त

# गांजा तस्करी कर रहे इनोवा सवार दो युवकों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- ओड़िसा से गांजा लाकर कर रहे थे ग्राहक की तलाश

दिगर राज्यों से जिले सहित अन्य जिलों में बड़े पैमाने पर गांजा खपाने का कार्य चल रहा है। हालांकि पुलिस द्वारा लगातार न सिर्फ कार्रवाई कर रही है बल्कि अवैध गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कराया है। आज कोतवाली पुलिस को उस समय बड़ी सफलता हाथ लगी जब टीम ने न सिर्फ उड़ीसा से जिले में गांजा लेकर जा रहे कार सवार दो युवको को पकड़ा बल्कि उसके पास से 9 लाख कीमत की 38 किलो गांजा जब्त किया। पुलिस ने कार समेत गांजा को जब्त कर आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

बीती रात क्षेत्र में गश्त कर रहे कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि इनोवा कार से बड़ी मात्रा में गांजा लेकर शहर आ रहे है। सूचना पर पुलिस ने प्रतीक्षा बस स्टैंड सहित आसपास क्षेत्र में गश्त बढा दी। इसी दौरान सूचना पर पुलिस ने गौरवपथ बिरयानी हाउस गली में सफ़ेद रंग के इन्नोवा कार क्रमांक सीजी/16 सीएल/1858 को संदिग्ध हालत में देख सवार लुण्ड्रा थाना अंतर्गत बुलगा खालपारा निवासी दीपक पैकरा आ. तुलसी प्रसाद पैकरा (20 वर्ष) व राजपुर थाना अंतर्गत बरियो क्षेत्र के ग्राम बघीमा गौटियापारा निवासी शिव चरण शांडिल्य आ. देवनारायण शांडिल्य (25 वर्ष) को संदेह के आधार पर पकड़ पूछताछ की तो दोनों पुलिस को गुमराह करने लगे। युवकों के गोलमोल जवाब देने पर पुलिस ने जब वाहन की तलाशी ली तो उनके होश उड़ गए। वाहन की डिक्की में दो बोरियों मे भरकर रखें 9 लाख 50 हजार कीमत के 38 किलो गांजा बरामद किया। पुलिस ने वाहन समेत गांजा को जब्त कर आरोपियों के विरुद्ध धारा 20(सी) एनडीपीएस. एक्ट का अपराध दर्ज कर आरोपियों कों न्यायालय पेश किया गया जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया है।

कार्रवाई में कोतवाली प्रभारी मनीष सिंह परिहार, उप निरीक्षक सम्पत पोटाई, प्रधान आरक्षक छत्रपाल सिंह, आरक्षक विवेक राय, शिव राजवाड़े, मंटू गुप्ता, दीपक दास, नितिन सिन्हा, रमन मण्डल, बिनोद केरकेट्टा सक्रिय थे।






पुलिस गिरफ्त में आरोपी व जब्त कार।

**उड़ीसा से लाया था गांजा**

पुलिस के पूछताछ में गांजा तस्करी कर रहे आरोपियों ने बताया कि गांजा उड़ीसा लेकर आए थे जिसे जिले सहित अन्य क्षेत्रों में खपाने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे थे। पुलिस के मुताबिक गांजा की बाजार मूल्य 9 लाख 50 हजार रुपए आंकी गई है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ की गई है और मामले में शामिल अन्य लोगों की तलाश जारी है।

**सक्रिय हुए गांजा तस्कर**

शहर में एक बार फिर गांजा तस्कर सक्रिय हो गए है। पिछले वर्ष कोतवाली व प्रतीक्षा बस स्टैंड के पुलिस कर्मियों द्वारा लगातार कार्रवाई करते हुए गौरव पथ से कई आरोपियों को गांजा के साथ गिरफ्तार किया था। पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई करने से गौरवपथ में गांजा का कारोबार पर काफी हद तक अंकुश लगा था लेकिन अब पुनः गांजा तस्कर गौरव पथ के आसपास सक्रिय हो गए है।

**आरोपियों से की जा रही पूछताछ**

कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गांजा तस्करी कर रहे दो युवकों को पकड़ा है। दोनों युवक इनोवा कार से गांजा उड़ीसा से लाकर खपाने की तैयारी में थे। 38 किलो गांजा जब्त किया गया है। गांजा के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

-योगेश पटेल, पुलिस अधीक्षक



## उत्कल दिवस पर जगन्नाथ मंदिर में विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

कोयलांचल में उत्कल दिवस पर जगन्नाथ मंदिर में समाज के लोगों ने विविध कार्यक्रम आयोजित किए। गौरतलब है कि 1 अप्रैल 1936 को उड़ीसा राज्य का गठन हुआ था, जिससे उक्त दिवस को उत्कल समाज के लोग उड़ीसा राज्य सहित तमाम राज्यों एवं अपने-अपने क्षेत्र में धूमधाम के साथ कार्यक्रम आयोजित करते हैं।

इसी कड़ी में उत्कल समाज विश्रामपुर द्वारा भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित की गई। जिसमें समाज की महिलाओं का गायन, बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं विभिन्न खेलकूद का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ समाज के वरिष्ठ आदिकांत कन्हैया स्वाई, गोविंद स्वाई, शीतिकांत स्वाई, सुरेशन स्वाई एवं दीप्ति स्वाई, संगीता पांडा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। साथ ही समाज के कुमदा कालोनी निवासी जयराम सेठी के पुत्र के आकस्मिक निधन पर 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई।कार्यक्रम में महिलाओं एवं बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। मुख्य अतिथि के रूप में बिश्रामपुर के पूर्व नगर अध्यक्ष राजेश यादव शामिल हुए।उन्होंने कहा कि जब समाज इसी प्रकार एकजुट होता है, तो समाज के साथ-साथ क्षेत्र एवं देश का भी विकास होता है और उत्कल समाज ने बहुत अल्प समय में अपना मुख्य स्थान क्षेत्र में हासिल कर लिया है जो काफी गौरव का विषय है। मुख्य अतिथि द्वारा समाज के सेवानिवृत्त कालरी कर्मचारियों को सम्मानित भी किया और उड़ीसा राज्य से पहुंचे प्रशांत बिस्वाल जो कारगिल युद्ध के दौरान सूबेदार के पद पर पदस्थ थे, उनकी उपस्थिति के दौरान मुख्य अतिथि द्वारा उन्हें भी स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया गया। मंच का संचालन सचिव प्रभाकर स्वाई एवं आभार प्रदर्शन अध्यक्ष विशाल स्वाई द्वारा किया गया।

साथ ही आगामी 27 जून को होने वाले रथ यात्रा के विषय में प्रकाश डालते हुए कहा गया कि इस वर्ष भी समाज सहित अन्य समाज और क्षेत्र के लोगों को हर बार की तरह जोड़कर भव्य रूप से रथ यात्रा को संपन्न करना है। कार्यक्रम को सफल बनाने में अलंकार नायक, प्रदीप त्रिपाठी, संजय पंडा, निराकार नायक, अक्षय साहू, राजेंद्र प्रधान, संतोष सेठी, विद्याधर साहू, त्रिनाथ देउरी व अन्य सक्रिय रहे।

### पटवारी से त्रस्त ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, की कार्रवाई की मांग

**प्रतापपुर।** पटवारी के रिश्वतखोरी, और कमीशन खोरी से त्रस्त होकर ग्राम बरबसपुर गांव सहित अन्य ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन सौपा। साथ की मामले की जांच कराकर पटवारी के विरूद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है। ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए बताया कि हल्का नंबर 27 के पटवारी सरस्वती प्रजापति द्वारा ग्रामीणों से अनाप-शनाप रुपए की मांग की जाती है। ग्रामीणों ने बताया कि 5 हजार से 10 हजार तक रिश्वतखोरी की रकम मांगी जाती है तथा अपने हल्का में भी नहीं रहते। इसके अलावा शिकायतकर्ताओं को झूठे केसों में फसाने की धमकी दी जाती है। ग्राम पंचायत बरबसपुर सहित अन्य पंचायत के ग्रामीणों ने मामले की जांच कर पटवारी के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

## पार्षद निधि की शर्तों को हटाने को लेकर पार्षदों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

**बिश्रामपुर।** पार्षद निधि के नियम एवं शर्त हटाए जाने की मांग को लेकर आज गुरूवार को नपं बिश्रामपुर के पार्षदों ने प्रेमनगर विधायक को ज्ञापन सौंपा है। प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी को दिए ज्ञापन में नगर पंचायत बिश्रामपुर के पार्षदों ने उल्लेख किया है कि पार्षद निधि जिसका उपयोग छोटे स्तर के कार्यों के लिए जो सभी पार्षद वार्डों के पार्षद निधि द्वारा कार्य कराते हैं। साथ ही वार्ड के आवश्यकतानुसार एवं वार्डवासियों के मांग पर खर्च करने हेतु कई बार बेवजह परेशानियों का सामना करना पड़ जाता है। ऐसी स्थिति में पार्षद निधि की राशि व्यय करने लागू नियम एवं शर्तों को हटा दिया जाना उचित होगा ताकि वार्ड पार्षद वार्डों में स्वतंत्र रूप से कार्य करा सकें। अगर नियम एवं शर्त हटा देते हैं तो वार्डवासियों की छोटी से छोटी समस्या का समाधान वार्ड पार्षद तत्काल करा सकें और अपने वार्डों में समय से कार्य कर सकते हैं।कई बार छोटे-छोटे कार्यों के लिए पार्षदों को सीएमओ और अध्यक्षों के पास काफी निवेदन करना पड़ता है, जिस कारणवश कई पार्षदों का कार्य समय से नहीं हो पाता है। प्रेमनगर विधायक से पार्षदों द्वारा पार्षद निधि को बिना नियम शर्तों के बिना कार्य करने की अनुमति दिलाने की मांग की गई है। ज्ञापन सौंपने वालों में नपं उपाध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान समेत पार्षद रविशंकर बउवा, अमरेश प्रसाद, रामजीत यादव पिंटू, संजीत यादव, श्रीमती मालती तिग्गा, श्रीमती शकुन्तला सोनी, श्रीमती अर्चना लकड़ा, रविन्द्र विश्वकर्मा, राहुल खातरकर, श्रीमती देवकी देवी, श्रीमती नीलम मिश्रा, श्रीमती माधुरी मण्डल, श्रीमती लक्ष्मीन बाई, लथमीन यादव, विनोद सरवटे व अन्य उपस्थित थे।



## कुदरगढ़ महोत्सव : भक्ति और विकास का संगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

- कुदरगढ़ महोत्सव, कबड्डी और वॉलीबॉल प्रतियोगिता शुरू

चैत्र नवरात्रि के अवसर पर आज से तीन दिवसीय कुदरगढ़ महोत्सव का भव्य शुभारंभ हुआ। यह महोत्सव 2 से 4 अप्रैल तक चलेगा, जिसकी शुरुआत माँ बागेश्वरी कुदरगढ़ी माता की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ की गई। भव्य आयोजन की मुख्य अतिथि महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े रहीं।

महोत्सव के तहत जिले में वॉलीबॉल और कबड्डी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। महोत्सव के दौरान छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध कलाकारों ने भक्ति पूर्ण वातावरण में शानदार भक्तिमय गीतों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। महोत्सव के दौरान मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने जिले में प्रगतिरत विभिन्न योजनाओं पर आधारित समाज कल्याण विभाग, कृषि विभाग, पशुधन विकास विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग तथा जल संसाधन विकास विभाग द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया। सभा को संबोधित करते हुए मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि माँ कुदरगढ़ी माता की महिमा जिले में ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश में फैली हुई है। इस महोत्सव ने जिले को भक्तिमय बना दिया और श्रद्धालुओं के लिए अपार आस्था एवं उत्साह का संचार किया। उन्होंने विधायक निधि से कुदरगढ़ माता के भव्य प्रवेश द्वार के विकास हेतु 15 लाख रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने धाम में सभी आवश्यक सुविधाओं के विकास हेतु कार्य करने की प्रतिबद्धता जताई। पूर्व गृह मंत्री एवं कुदरगढ़ न्यास समिति के अध्यक्ष राम सेवक पैकरा ने बताया कि पूर्व में भी जन-सहयोग से मंदिर क्षेत्र का विकास हुआ है और भविष्य में भी यह प्रक्रिया सतत जारी रहेगी। श्री पैकरा ने कुदरगढ़ धाम की मान्यता, ऐतिहासिक महत्व और विकास यात्रा पर प्रकाश डाला। उन्होंने क्षेत्र के विकास हेतु किए जा रहे कार्यों तथा कुदरगढ़ धाम ट्रस्ट की गतिविधियों की जानकारी दी। कलेक्टर एस जयवर्धन ने अपने संबोधन में माँ कुदरगढ़ी के गौरवशाली इतिहास का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि माता का आशीर्वाद पूरे जिले के विकास में सहायक सिद्ध हो रहा है।

उन्होंने बताया कि चैत्र नवरात्रि के पंचमी, षष्ठी एवं सप्तमी के 3 दिनों में जिला प्रशासन एवं ट्रस्ट के सहयोग से यह महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष चंद्रमणि पैकरा, जनपद अध्यक्ष ओड़गी इंद्रमणि पैकरा, मुरली मनोहर सोनी, भुवन भास्कर प्रताप सिंह, ठाकुर रजवाड़े, पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर, डीएफओ पंकज कमल, एसडीएम सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



## हसदेव क्षेत्र में रोपे गए 4 लाख पौधों से तैयार किया गया 1200 एकड़ का नया जंगल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- आने वाले तीन वर्षों में 10 लाख से ज्यादा पौधे रोपने को है प्रतिबद्ध

आरआरवीयूएनएल के एमडीओ एजेंट के बागवानी विभाग द्वारा खनन के बाद रिक्लेमेशन जमीन में गत वर्ष में चार लाख पौधे रोपे हैं। जिसे मिलाकर अब तक कुल 15.68 लाख पेड़ों का नया जंगल तैयार कर लिया है। कुल 1200 एकड़ के इस जंगल में साल के पौधों की नर्सरी के साथ साथ पिछले 12 वर्षों में अब तक एक लाख से ज्यादा साल के पेड़ों ने लगभग 20 से 30 फुट ऊंचाई के वृक्षों की शक्ल ले चुके है। वहीं मिश्रित प्लांटेशन में महुआ, खैर, बरगद, बीजा, हर्रा, बहेरा इत्यादि प्रजाति के वृक्ष शामिल हैं।

आरआरवीयूएनएल की खदान परसा ईस्ट केते बासेन खदान जिले के उदयपुर तहसील में है। इसके खनन का कार्य वर्ष 2012 में शुरू हुआ इसके लिए वन विभाग द्वारा जंगलों में अपने लक्ष्य के अनुसार कुछ पेड़ों का विदोहन किया जाता है। जबकि विभाग ने संभाग में अब तक 51 लाख से ज्यादा वृक्ष लगाए गए हैं।

पीईकेबी खदान में 2012 में 200 से शुरू होकर 2025 में 4 लाख के करीब पहुंच चुका है। साल सहित कुल 45 तरह की प्रजातियों जिनमें, खैर, बीजा, हर्रा, बहेरा, बरगद, सागौन, महुआ के साथ-साथ कई फलदार वृक्ष जैसे आम, अमरूद, कटहल, पपीता इत्यादि के तैयार किए गए पौधों को लगाया गया। नर्सरी में विकसित इन पौधों का रोपण कर सिंचाई के लिए हर एक पौधों में ड्रिप इरिगेशन के माध्यम से पानी देकर बड़ा किया गया। जो अब एक पूर्ण विकसित जंगल का रूप लेता जा रहा है। आज ये सभी पौधे काफी ऊंचे पेड़ बन चुके हैं जिससे इस क्षेत्र की जैव विविधता अब वापस लौटने लगी है। इस जंगल में अब कई तरह के पक्षी अपना घोंसला बनाकर रहने लगे हैं। वहीं जंगली जानवरों में बंदर, नेवला और भालू को भी देखा गया है।



कहा-लाखों आदिवासियों पर मंडरा रहा बेदखली का खतरा

# जंगलों के रक्षक को हटाना, कॉर्पोरेट लूट को खुला निमंत्रण : अमरजीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

प्रदेश के पूर्व खाद्य मंत्री व आदिवासी नेता अमरजीत भगत ने कहा है कि 2 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट में उस याचिका पर सुनवाई हो रही है जिससे देश के लगभग 17 लाख से अधिक आदिवासी और वनवासी परिवारों के अस्तित्व पर संकट आ सकता है। यह याचिका वन अधिकार अधिनियम, 2006 के तहत दर्ज दावों को खारिज करने की वैधता को लेकर है।

जो लोग सदियों से जंगल की रक्षा करते आए हैं, वही आज कोर्ट में कटघरे में खड़े हैं। भारत के 80 प्रतिशत जंगल आज भी बचे हैं तो वह आदिवासी समुदाय की वजह से। अगर आज उन्हें हटाया गया, तो कल वही जंगल बड़े कॉर्पोरेट घरानों के हवाले कर दिए जाएंगे जो खनन और दोहन के लिए तैयार बैठे हैं। पूर्व मंत्री श्री भगत ने उक्त बातें बुधवार को अपने अपने निवास पर आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि 2 अप्रैल को केन्द्रीय वन अधिनियम 2006 की वैधता पर एक महत्वपूर्ण सुनवाई उच्चतम न्यायालय में होने जा रही है। इस निर्णय से वनवासियों और अन्य परम्परागत लोगों का भविष्य जुड़ा हुआ है।



पत्रकारों से चर्चा करते पूर्व मंत्री अमरजीत भगत।

अधिनियम के तहत वन क्षेत्रों में रहने वाले जनजाति व परमपरागत लोगों को वन अधिकार पत्र देने की व्यवस्था की गई और कानून बनाया गया था जिसके तहत लोगों को व्यवस्थापन दिया जा रहा था। कुछ संगठनों ने इसके खिलाफ मामला दायर किया था और छग की तत्कालीन कांग्रेस सरकार से पूर्व सीएम भूपेश बघेल और हमने पिटीशन लगाकर इसपर रोक लगाने का आग्रह किया था। इसके साथ ही देश के अन्य राज्यों की सरकार और मंत्रिमंडल ने भी पिटिशनर बनकर वन अधिकार पत्र में जो रोक लगाया था था उसे हटाने आग्रह किया था। उन्होंने कहा कि 2019 में एक आदेश पारित किया गया कि 2017 के बाद जो भी प्रकरण आए है उन्हें अतिक्रमण घोषित किया जाए। देश में विरोध प्रदर्शन के बाद रोक लगाया गया था। इसपर समीक्षा करने का निर्देश सभी राज्य सरकारों को दिया गया। पुनः 2020 वाइल्ड लाइफ फर्स्ट संस्था ने पूरे वन अधिकार कानून को समाप्त करने का उच्चतम न्यायालय में केस दायर किया जिससे एफआरए कानून से देशभर में 17 लाख लोगों का भविष्य अधर में लटका हुआ है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट से आग्रह किया कि वन अधिकार अधिनियम को उसके मूल भावना में समझा जाए और जिनके दावे खारिज हुए हैं, उन्हें निष्पक्ष मौका और समीक्षा दी जाए।

**ध्यान भटकाने सरकार कर रही कार्रवाई**

भूपेश बघेल पर अपराध दर्ज किए जाने के मामले में पूर्व मंत्री श्री भगत ने कहा कि जहां भाजपा की सरकार है वहां एसी कार्रवाई देखी जा रही है। जो सरकार के खिलाफ बोलता है उसके खिलाफ कार्रवाई होती है। भूपेश बघेल मुखर नेता है, मुख्यमंत्री रहे और छग की आवाज को दमदारी केसाथ रखते है। यह कार्रवाई उसी का एक हिस्सा दिखता है। अब पार्टी हाईकमान और संगठन जो भी तय करेगा उसके आधार पर लड़ाई लड़ी जाएगी। प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति दयनीय है और इससे ध्यान भटकाने के लिए भी इस तरह की कार्रवाई कर भ्रमित करने का प्रयास किया जा रहा है। राजधानी से लेकर सरगुजा के जिलों में अनेकों घटनाएं हो रही है और न्याय मांगने वालों पर ही कार्रवाई कर दी जा रही है।

## खबर संक्षेप

### 6 वीं प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित

**मनेन्द्रगढ़।** शिक्षण सत्र 2025-26 के लिए एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6 वीं में प्रवेश के लिए आयोजित प्राक्चयन परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। यह परीक्षा 2 मार्च को विभिन्न जिला मुख्यालयों में आयोजित की गई थी। परीक्षा परिणामों की सूची एकलव्य डॉट सीजी डॉट नाईस डॉट इन पर उपलब्ध है, जिसे विद्यार्थी एवं अभिभावक ऑनलाइन देख सकते हैं, इसके अतिरिक्त जिला कार्यालयों के सूचना पटल पर भी परिणाम सूची का अवलोकन किया जा सकता है।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए आवेदन 25 तक

**बैकुण्ठपुर।** शिक्षा सत्र 2024-25 के लिए जिले में जिले के निवासी जो छग राज्य से बाहर अध्ययनरत संचालित समस्त शैक्षणिक शासकीय व अशासकीय महाविद्यालय, मेडिकल, कृषि, वेटनरी, पॉलीटेक्निक कॉलेज, आईटीआई, नर्सिंग, डीएड एवं बीएड में अध्ययनरत जिनका संस्थाओं में प्रवेश विलंब से हुआ है, जिन पाठ्यक्रमों का परीक्षा परिणाम विलंब से हुआ है, ऐसे अनुसूचित, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए पात्र होंगे। ऑनलाइन आवेदन वेबसाइट पर किया जा सकता है। आदिवासी विकास के सहायक आयुक्त ने बताया कि ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए नवीन एवं नवीनीकरण ऑनलाइन आवेदन के लिए अंतिम तिथि 25 अप्रैल तक निर्धारित है।

### आरवि का नवोदय में चयन

**बैकुण्ठपुर।** जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2024-25 का परिणाम बीते दिनों जारी किया गया। जारी परिणाम में डीएव्ही स्कूल पाण्डवपारा की छात्रा ने कोरिया जिले में टॉप किया। इस पर विद्यालय परिवार ने छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना की, वहीं परिवारजन में भी खुशी है। मिली जानकारी के अनुसार जिले के पटना के प्रतिष्ठित व्यवसायी अभिषेक जायसवाल की पुत्री आरवि जायसवाल जो कि डीएव्ही स्कूल पाण्डवपारा की छात्रा है। जवाहर नवोदय विद्यालय के कक्षा 6 वीं में प्रवेश के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा में कोरिया जिले में टॉप कर विद्यालय एवं परिवार को गौरवांवित किया। उल्लेखनीय है कि छात्र आरवि जायसवाल प्रारंभ से ही मेघावी छात्रा रही है।

### गर्मी का असर: 30 तक शाला संचालन में बदलाव

**बैकुण्ठपुर।** प्रदेश में पड़ रही तेज गर्मी को ध्यान में रखते हुए प्रदेश के सभी शासकीय-अशासकीय स्कूलों, शैक्षणिक संस्थाओं के संचालन के समय में परिवर्तन किया गया है। इस संबंध में लोक शिक्षण संचालनालय, छग द्वारा राज्य के सभी स्कूलों में शाला संचालन के लिए समस्त संभागीय संयुक्त संचालक शिक्षा और सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को आदेश जारी किया है। यह आदेश 30 अप्रैल तक प्रभावशील रहेगा। सोमवार से शनिवार तक शाला संचालन एक पाली में सभी प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक, हाईस्कूल, हायर सेकेंडरी स्कूल सुबह 7 से 11 बजे तक संचालित होंगे। वहीं ऐसी शालाएं जहां कक्षाएं दो पालियों में संचालित होती हैं, वहां प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शालाएं सुबह 7 से 11 बजे तक और हाई स्कूल व हायर सेकेंडरी स्कूल की शालाएं सुबह 11 से 3 बजे तक संचालित होंगी।

## चैत्र नवरात्रि में चहुंओर बह रही भक्ति की बयार

# देवी मंदिरों में आज होगी महाष्टमी की पूजा-अर्चना

*देवी मंदिरों एवं आस्था केन्द्रों में माता के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का सुबह होने के साथ ही तांता*

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर

चैत्र नवरात्र में आदिशक्ति माता की देवी मंदिरों में भक्तिभाव के साथ प्रतिदिन विभिन्न रूपों की पूजा-अर्चना की जा रही है। देवी मंदिरों एवं आस्था केन्द्रों में माता के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का सुबह होने के साथ ही तांता लगा हुआ है। 5 अप्रैल को महाष्टमी तिथि है, इस दिन माता के महागौरी रूप की पूजा-अर्चना की जाती है। इस दिन माता का विशेष रूप से श्रृंगार कर श्रद्धालुआं के द्वारा पूजा-अर्चना विधि-विधान के साथ किया जाता है। पूजा एवं महाआरती कर श्रद्धालुओं का प्रसाद का वितरण किया जाता है, इसके अलावा देवी मंदिरों में इस दिन विशेष हवन-पूजन का आयोजन भी किया जाता है, इससे पूरा वातावरण हवन-पूजन के कारण सुवासित हो उठता है।

हिन्दू धर्म की मान्यताओं के अनुसार मां महागौरी की पूजा विधि-विधान के साथ करने से पापों से मुक्ति मिलती है, संकट से रक्षा होती है तथा सुख शांति का परिवार में वास होता है। यही कारण है कि अष्टमी तिथि को विशेष पूजन का आयोजन किया जाता है। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष चैत्र नवरात्र की शुरूआत 30 मार्च से हुई और इसके बाद से प्रतिदिन माता के विभिन्न रूपों की पूजा की जा रही है। इस दौरान देवी मंदिरों एवं आस्था केन्द्रों में श्रद्धालु माता के दर्शन एवं पूजा पाठ के लिए उमड़ रहे हैं। सुबह होने के साथ ही माता के दरबार में भक्तों के जयकारे शुरू हो जाते हैं और दिनभर माता के दरबार में दर्शन करने आने व वाले पहुंचते रहते हैं।


रमदइया धाम में बिराजी मां।

### कन्या पूजन कर भोग का वितरण

आज महाष्टमी के अवसर पर देवी मंदिरों में माता के महागौरी रूप की विशेष रूप से पूजा-अर्चना की जाएगी, वहीं देवी मंदिरों में एवं लोगों के द्वारा अपने घरों में कन्या पूजन का आयोजन करेंगे, जहां कुंवारी कन्याओं को माता का रूप मानकर उनकी विधि-विधान के साथ पूजन करने के बाद उन्हें भोग प्रदान करेंगे तथा उपहार देकर विदाई किया जाएगा, इसके अलावा कई जगहों पर कल नवमी तिथि को भी कन्या पूजन का आयोजन किया जाएगा।

### मांग बढ़ने से फलों के भाव में उछाल

चैत्र नवरात्र के दौरान फलों की बढ़ गई है। कई भक्त इस दौरान फलाहारी रहते हैं तथा देवी को भोग चढ़ाने के लिए फल खरीदी किए जाते हैं। इस दौरान फलों की मांग बढ़ जाने के कारण बाजार में विभिन्न तरह के फलों के दाम में उछाल आ गया है। विभिन्न तरह के फलों के दामों में बढ़ोतरी होने के बावजूद फलों की मांग बाजार में बनी हुई है।

### कोड़यागढ़ में चैत्र नवमी पर उमड़ा आस्था का सैलाब


पूजा-अर्चना में शामिल लोग।

चैत्र नवमी के पंचमी के अवसर पर आदिवासी समाज की नीरा सिंह कुसरो अपने परिवार और समाज के अन्य सदस्यों के साथ कोड़यागढ़ पहाड़ पहुंची। इसी दौरान रानी दुर्गावती गोंडवाना स्कूल के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों का दल भी ऐतिहासिक स्थल पर पहुंचा। यहां समाज के बुजुर्गों और बैगा-भूमका पुरोहितों से कोड़यागढ़ के इतिहास के बारे में जानकारी मिली। स्थानीय मान्यताओं के अनुसार लगभग एक हजार वर्ष पूर्व राजा बालम शाह पावले के शासनकाल में इस पहाड़ी को कोड़-कोड़ कर तैयार किया गया था, जिसे बाद में अंग्रेजों ने कोरिया नाम दे दिया। कहा जाता है कि अंग्रेजी में ड़ ध्वनि का प्रयोग न होने के कारण उन्होंने इसे र में बदल दिया। पिछले 28 वर्षों से यहां संरक्षक तिरुमल मेवा लाल नेटी (प्रथम जिला पंचायत उपाध्यक्ष) के नेतृत्व में नौ अलग-अलग स्थानों पर चैत्र नवमी का ज्वारा बोया जाता है। इस दौरान बुढ़ी माई शक्ति और हिंगोल देवता के नौ दिवसीय जागरण समारोह का आयोजन किया जाता है। मान्यता है कि बुढ़ी माई भक्तों की हर मनोकामना पूर्ण करती हैं। आयोजन में दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं, जिनके लिए उत्तम भोग और प्रसाद की व्यवस्था की गई है।

# सार्वजनिक शौचालय में तालाबंदी, लोग परेशान

**बैकुण्ठपुर।** नगर पालिका परिषद बैकुण्ठपुर द्वारा निर्मित एक सार्वजनिक शौचालय में एक पखवाडे से अधिक समय से पूर्णतः तालाबंदी कर दी गई है, इससे आम जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शहर के पुराने बस स्टैंड के पास एक कोने पर नगर पालिका परिषद बैकुण्ठपुर द्वारा लाखों रूपए खर्च कर सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कराया गया है, ताकि लोगों को सुविधा मिल सके, लेकिन नपा के जिम्मेदारों के उदासीनता के चलते काफी समय से सार्वजनिक शौचालय में ताला बंदी पूर्णतः कर दी गई है।

जानकारी के अनुसार इसके पूर्व भी उक्त स्थान के शौचालय में सुबह से शाम ढलने तक को खुला रहता था, लेकिन शाम ढलने के बाद तालाबंदी कर दी जाती थी, जबकि उक्त शौचालय का संचालन सप्ताह के सातों दिन चौबीसो घंटे खुला रखना है, ऐसा केवल निर्देश ही है,


सार्वजनिक शौचालय में लगा ताला।

निर्देशों का पालन नहीं किया जाता। सार्वजनिक शौचालय में पूर्णतः तालाबंदी होने से जनता को परेशानी होती है, खासकर सबसे ज्यादा परेशानी महिलाओं और बुजुर्गों को होती है। नपा के जिम्मेदारों को इस दिशा में पहल करते हुए जल्द ही बंद सार्वजनिक शौचालय का ताला खोले जाने की जरूरत है, ताकि जनता को सुविधाओं का लाभ मिल सके।

### बाहर चकाचक अंदर खस्ताहाल

शहर के पुराने बस स्टैंड के एक हिस्से में नपा द्वारा बनाएगए सार्वजनिक शौचालय का बाहरी हिस्सा तो चकाचक है,लेकिन भीतर की स्थिति खस्ताहाल हो गई है। सार्वजनिक शौचालय के अंदर शौचालय की स्थिति खराब हो गई है। इस ओर ध्यान नहीं दिए जाने के कारण ही शौचालय की स्थिति खराब हो गई है, जबकि यहां महिला एवं पुरूषों के लिए अलग-अलग शौचालय की व्यवस्था है।

### यूरिनल में प्रकाश व्यवस्था नहीं

नपा द्वारा निर्मित सार्वजनिक शौचालय के बगल में वर्षो पूर्व निर्मित यूरिनल बना हुआ है, जिसका मरम्मत कार्य भी करा दिया गया है, जिसका लाभ लोगों को मिल रहा है, लेकिन शाम ढलने के बाद अंधेरे में लोगों को यूरिनल जाना पड़ता है,क्योंकि यूरिनल स्थल पर पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था नहीं है। यदि प्रकाश की व्यवस्था कर दी जाती है।

# नवजात शिशुओं के लिए जीवन रक्षक तकनीक है केएमसी

**बैकुण्ठपुर।** जिले में पहली बार कंगारू मदर केयर (केएमसी) तकनीक पर स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला स्वास्थ्य विभाग, यूनिसेफ और छग सरकार के सहयोग से आयोजित किया गया। कंगारू मदर केयर तकनीक नवजात शिशुओं के लिए एक महत्वपूर्ण जीवन रक्षक तकनीक है, जिसमें शिशु को मां की छाती से त्वचा से त्वचा संपर्क में रखा जाता है। यह तकनीक विशेष रूप से समय से पहले पैदा हुए या कम वजन वाले बच्चों के लिए अत्यंत फायदेमंद साबित होती है।

■ स्वास्थ्य कर्मियों को मिला कंगारू मदर केयर प्रशिक्षण

यह शिशु को सुरक्षा, गर्मी और स्तनपान में सहायता प्रदान करता है, जिससे उनके स्वास्थ्य में सुधार होता है। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि कंगारू मदर केयर तकनीक नवजात शिशुओं के जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह शिशु मृत्यु दर (आईएमआर)


स्वास्थ्य कर्मियों को मिला प्रशिक्षण।

और मातृ मृत्यु दर (एमएमआर) को कम करने में सहायक होगी। इस तकनीक को सही तरीके से लागू करने के लिए जिले के स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है, जिससे नवजातों के स्वास्थ्य में महत्वपूर्ण सुधार होगा।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.प्रशांत सिंह के मार्गदर्शन में जिले के पटना - बैकुंठपुर और सोनहत के स्वास्थ्य कर्मियों, बीपीएम, बीटीईओ, सुपरवाइजर, सीएचओ और आरएचओ मेल-फीमेल को प्रशिक्षण में शामिल किया गया। रायपुर से आए विशेषज्ञ डॉ. अक्षय शक्ति तिवारी ने कंगारू मदर केयर पर विस्तृत जानकारी दी और इसके फायदे बताए। इस पहल से कम वजन वाले शिशुओं (एलबीडब्ल्यू) के स्वास्थ्य में सुधार होगा और मां-बच्चे के स्वास्थ्य स्तर में भी वृद्धि होगी। यह तकनीक हर वर्ग के लोगों को फायदा पहुंचाएगी, विशेष रूप से ऐसे परिवारों को जिनके पास स्वास्थ्य सेवाओं तक सीमित पहुंच है। कंगारू मदर केयर ना सिर्फ शिशु के स्वास्थ्य में सुधार करता है, बल्कि मां और शिशु के बीच रिश्ते को भी मजबूत करता है।

# नपा परिवार का ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में सम्मान

**मनेन्द्रगढ़।** नगर पालिका परिषद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं पार्षदों का सम्मान समारोह प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी अनिता ने फूलों के पौधे देकर स्वागत किया। ब्रह्माकुमारी चित्र लेखा ने संस्था का परिचय दिया, कुमारी दामिनी पुरी ने प्रेरणादाई गीत के माध्यम से सभी का स्वागत किया।

इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा यादव ने सभी का आभार व्यक्त किया। उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र पटवा ने संस्था की प्रशंसा की। मनेन्द्रगढ़ संस्था की मुख्य प्रशासिका ब्रह्माकुमारी



माधुरी ने सभी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि सभी प्रतिनिधियों को परमात्मा द्वारा यह एक अवसर दिया गया है। अपने जीवन में कुछ पुण्य और श्रेष्ठ कर्म करने का। उन्होंने बताया कि राजनीति का अर्थ है राजा बन राज्य करने की नीति यानि सिद्धांत। यदि आप चाहते हैं कि आगे भी लोग आपको सम्मान दें, दुआएं दे तो कुछ सिद्धांत जीवन में अपनाने का संकल्प करें। वो 3 बाते हैं चाहे कुछ भी हो, लेकिन अपने बोल सदा मीठे और नम्र रखे। सदैव श्रेष्ठ सकारात्मक व पुण्य कर्म करें। हर संभव दूसरों की मदद करें, क्योंकि हम संसार में आए हैं तो जाना भी है। इस भौतिक जगत के कोई भी वस्तु वैभव साथ लेकर नहीं जाएंगे, साथ तो सिर्फ हमारे किए कर्म ही जाएंगे। तो जो लेकर जाना है उसे जमा करें। अपनी व्यस्त जिंदगी में कुछ पल परमात्मा की याद के लिए निकाले, क्योंकि आपको मिली जिम्मेदारी को सकारात्मक रीति संभालने के लिए आत्मा में आध्यात्मिक शक्ति की आवश्यकता है।






रांची (कॉंके) के सुप्रसिद्ध मनोरोग एवं नशामुक्ति परामर्श विशेषज्ञ
डॉ.आशीष सोय
MBBS, DPM (CIP, KANKE) FIPS
EX-SENIOR RESIDENT (RINPAS)
पागलपन, घबराहट, शक, डर, उदासी (डिप्रेशन), मिर्गी, सरदर्द, नशा, नींद नहीं आना
बच्चों में मनोरोग संबंधी समस्याएं
दिनांक 13 अप्रैल 2025, दिन - रविवार
प्रतिदिन वीडियो कॉल द्वारा परामर्श उपलब्ध
प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने,अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

## पृष्ठ 1 का शेष

### स्कार्पियो में पुलिस ...

मामलों में गिरफ्तार हो चुके हैं। इनके खिलाफ पटना थाना में अपराध क्रमांक 07/20 और 06/20, धारा 20 (सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामले दर्ज हैं। इस कार्रवाई में गांजा की अनुमानित कीमत 11,16,750 रूपए ऑकी गई है, जबकि तस्करी में इस्तेमाल स्कार्पियो की कीमत 20 लाख रूपए है। इस तरह कुल जब्ती की राशि 31 लाख रूपए से अधिक हो गई है। इस कार्रवाई में निरीक्षक विनोद पासवान, उपनिरीक्षक लवांग सिंह, प्रधान आरक्षक अरविंद कौल, आरक्षक सजल जायसवाल, रामायण सिंह, अमल कुजूर, प्रदीप साहू, राघवेन्द्र पुरी, शिवम सिन्हा, समीर जायसवाल, अंकित जायसवाल, लालता राजवाड़े सहित अन्य पुलिसकर्मियों का योगदान सराहनीय रहा। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जा रहा है और पुलिस आगे की जांच में जुटी हुई है।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
होंठों को पतला - मोटा करें और आकर्षक बनायें.
इंजेक्शन व लेसर द्वारा
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.






**NAME CHANGE AFFIDAVIT**

It is informed to the general public that I, Vikash Khedia S/o Lt. Shri Kailash Kumar Khedia resident of House No. 160, Ward No. 17, Ring Road Manendragarh, Post Manendragarh, Distt: Manendragarh-Chirimiri -Bharatpur Pin: 497442 (Chhattisgarh) have changed my old name Vikas Khedia with my new name VIKASH KHEDIA.

So in future I should be recognized by my new name that is Vikash Khedia S/o Lt. Shri Kailash Kumar Khedia in all Government and other documents.

DEPONENT
VIKASH KHEDIA
House No. 160,
Ward No. 17, Ring Road
Manendragarh Distt:
Manendragarh-Chirmiri-
Bharatpur Pin: 497442
(Chhattisgarh)

(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
माता-पिता बनने का अनमोल अहसास
स्त्री एवं पुरूष बांझपन की संपूर्ण जांच एवं इलाज
निःसंतान दंपत्तियों हेतु आधुनिक पध्दति से उपचार
अण्डाणु बनने की प्रक्रिया की जांच
हार्मोनल समस्या का इलाज (PCOD)
बढ़ती उम्र की वजह से निःसंतानता का इलाज
फेलोपियन ट्यूब बंद का इलाज
ब्लास्टोसिस्ट ट्रांसफर की सुविधा
बार-बार गर्भपात की जांच एवं सफल इलाज
गर्भ संस्कार पर आधारित इलाज
संपूर्ण जांच एवं इलाज के लिए विश्वसनीय डॉक्टरों की टीम
97551 62611
कोटा-गुढ़ियारी रोड, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371